राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक– 1001/241 / NULM / तीन / 2018–19(SM&ID-SHG P.Branding) दिनांक– 14-03-18

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण,
   उ0प्र0।
2. समस्त सिटी प्रोजेक्ट आफिसर / परियोजना निदेशक,
   शहर मिशन प्रबन्धन इकाई, डूडा, उ0प्र0।

विषय : DAY-NULM उ0प्र0 के अन्तर्गत गठित SHGs द्वारा उत्पादित सामग्री के विपणन हेतु एकीकृत नामकरण एवं प्रतीक चिन्ह (ब्राण्ड का नाम एवं लोगो) के निर्धारण की अन्तिम तिथि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र सं0–965 / 241 / NULM / तीन / 2018–19(SM&ID-SHG P.Branding) दिनांक–20.02.2018 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से शहरों मे DAY-NULM के घटक SM&ID के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थानीय स्तर तैयार किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के उत्पादों / सामग्रियों को **"एक नाम तथा एक लोगो"** (Brand Name & Logo) से बिक्री किये जाने के लिए सर्वसाधारण से पुरस्कार आधारित प्रस्ताव दिनांक 08.03.2018 तक आमंत्रित किये गये हैं। प्रस्ताव के अनुसार चयनित 03 विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में रू0 15000 / –, द्वितीय पुरस्कार रू0 10000 / – एवं तृतीय पुरस्कार रू0 5000 / – दिया जायेगा।

स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित उत्पादों की बिक्री **"एक नाम तथा एक लोगो"** (Brand Name & Logo) हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव प्राप्त किये जाने हेतु अन्तिम तिथि विस्तारितं कर 24.03.2018 की जाती है। कृपया उक्त प्रस्ताव का व्यापक प्रचार–प्रसार कराकर आवेदन इस कार्यालय को उपलब्ध कराया जाये। जिससे समूहों के उत्पादों की बिक्री हेतु नाम तथा लोगो का चयन किया जा सके तथा चयनित विजेता को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र भी दिया जा सके। आवेदन हेतु अन्तिम तिथि 24.03.2018 है। आवेदन पत्र ई–मेल smidnulmup@gmail.com के माध्यम से, डाक के माध्यम से अथवा सीधे मिशन निदेशक कार्यालय, शहरी आजीविका मिशन उ0प्र0 पर्यटन भवन, प्रथम तल, गोमती नगर, लखनऊ एवं 10, नगचेतना केन्द्र, सूडा उ0प्र0 के कार्यालय, हजरतगंज, लखनऊ में जमा किया जा सकता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के सम्बन्ध मे व्यापक प्रचार–प्रसार एवं डूडा को दिनांक 24.03.2018 तक प्राप्त प्रस्तावों को प्रत्येक दशा में दिनांक 27.03.2018 तक इस कार्यालय को उपलब्ध कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि–

1. सम्बन्धित परि0 अधिकारी / सी0एम0एम0, सी0एम0एम0यू0, डूडा को अनुपालनार्थ।
2. सहायक वेब मास्टर सूडा को सूडा की वेबसाइट पर पत्र एवं समस्त विवरण एवं प्रारूप अपलोड हेतु।

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
मिशन निदेशक